कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा।

कार्यालय – ज्ञाप

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के अन्तर्गत मध्यस्थता केन्द्र, महोबा में नवीन मध्यस्थगणों का पैनल नियुक्त किया जाना है। उक्त पैनल मध्यस्थगण के रूप में कार्य करने हेतु उ0प्र0 सिविल प्रोसीजर मीडिएशन रूल्स 2015 के नियम 5 में दिये गये अर्हताओं एवं अनुभव रखने वाले इच्छुक नागरिकों से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है।

इस सम्बन्ध में इच्छुक नागरिक जिनके खिलाफ कोई दाण्डिक वाद लम्बित न हो और न ही किसी वाद में दण्डित हुये हों तथा निम्नलिखित में से कोई एक योग्यता धारित करतें हो, आवेदन कर सकते हैं –

1. उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश या सेवा निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश या उनके समकक्ष सेवा निवृत्त न्यायाधीश या उ0प्र0 उच्चतर न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारी।
2. उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या जिला न्यायालय के स्तर पर न्यायालय में कम से कम 10 वर्ष के अनुभव के साथ विधि व्यवसायी।
3. ऐसे विशेषज्ञ जो मध्यस्थता में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव रखते हो या अन्य सेवा निवृत्त वरिष्ठ कार्यकारी/प्रशासनिक अधिकारी ।

आवेदक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा में निर्धारित प्रारूप (छायाप्रति संलग्न) में दिनांक 15.11.2019 तक सम्बन्धित दस्तावेजों की प्रतियों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अन्य किसी भी सूचना हेतु कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 31.10.2019

भवदीय

संलग्नक–यथोक्त

(गुलाब सिंह)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।

प्रतिलिपि –

1. प्रभारी विज्ञापन/नियोजन एवं मूल्यांकन अधिकारी/वित्त एवं लेखा अधिकारी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
2. अध्यक्ष जिला अधिवक्ता समिति महोबा को सूचनार्थ एवं समस्त अधिवक्ताओं के मध्य प्रचालित–प्रसारित किये जाने हेतु।
3. न्यायालय परिसर एवं जिला अधिवक्ता समिति कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, समस्त तहसील परिसरों के सूचना पटों पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. चरखारी एवं कुलपहाड़ न्यायालय परिसरों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी महोबा को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
6. कम्प्यूटर अनुभाग को मा0 उच्च न्यायालय एवं जनपद महोबा की वेबसाइट में प्रकाशन हेतु।

दिनांकः 31.10.2019

31.10.19

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।